यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया हिंदी दिवस

मुंबई,07 अक्तूबर,2023 : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, द्वारा 07 अक्तूबर, 2023 को मुंबई स्थित जय हिंद कॉलेज, चर्चगेट के ऑडिटोरियम में हिंदी दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया गया.

बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन एवं श्री निधु सक्सेना के साथ साथ मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री विष्णु कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (मा. सं.) श्री लाल सिंह और सहायक महाप्रबंधक (रा. भा.) श्री रामजीत सिंह इस समारोह में मुख्य अतिथि रहे. उनके द्वारा बैंक की कार्टून पुस्तक `**यूनियन मुस्कान**' एवं विभिन्न विभागों के संदर्भ साहित्य का विमोचन भी किया गया.

कार्यक्रम के दौरान बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री नितेश रंजन ने बैंकिंग और ग्राहक सेवा में हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व के बारे में बताया.

कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना ने बैंक के विभिन्न कार्यालयों को नराकास तथा क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार प्राप्त होने पर सभी को बधाई दी. इस अवसर पर समारोह को मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.) श्री लाल सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री विष्णु कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया. इन्होंने अपने संबोधन में दैनिक काम- काज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने पर बल दिया.

कर्मचारियों को हिन्दी भाषा में काम - काज बढ़ाने हेतु तथा हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित 9 हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए. तत्पश्चात् मनोरंजक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध कवि श्री सुभाष काबरा, सुश्री दीप्ति मिश्रा और श्री रोहित शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी गई. इसके साथ ही बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुतियां दी गई.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित:
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली : 22892500 ; ईमेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

Classification: Public

प्रेस विज्ञप्ति